# 2026 साल सिर्फ खुशी का नहीं, बल्कि आत्मा की उड़ान का उत्सव



राजयोगिनी ब्र.कु. उषा बहन,
वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका

आने वाला वर्ष 2026 हरेक आत्मा के लिए गहन आध्यात्मिक उन्नति का अवसर लेकर आयेगा। यह समय केवल तिथियों का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह आत्मा के नवजागरण और परमात्मा से सच्चे संबंध को और प्रगाढ़ बनाने का स्वर्णिम अवसर है। द्वारा उनके साथ गहन आत्मिक कनेक्शन विकसित करना ही वास्तविक शक्ति का स्रोत है। परमात्मा हमारा परमपिता है हम उनके बच्चे हैं ये संबंध से ही शक्ति प्राप्त होगी। जो आने वाले समय की चुनौतियों को पार करने के लिए हमें इसी शक्ति की आवश्यकता हर कदम पर होगी।

## संकल्पित लक्ष्य-

2026 का संकल्प यही है कि हर आत्मा पवित्रता, शान्ति और प्रेम को जीवन का आधार बनाए। पुरानी कमज़ोरियों और संस्कारों को त्यागकर नये दिव्य संस्कारों को धारण करना ही वास्तविक नया साल मनाना है। यह केवल त्योहारों की खुशी नहीं, बल्कि आत्मा की उड़ान का उत्सव है।

## आत्मा की अपनी वास्तविक पहचान

जब शरीर तथा आत्मा दोनों हैं तब मनुष्य है। शरीर विनाशी है और हम जो हैं, शरीर को धारण करने वाली चेतन आत्मा हूँ ये समझना सबसे पहला आधार है परिवर्तन का। 'मैं शुद्ध, शान्त स्वरूप आत्मा हूँ'- का अभ्यास गहरा करना होगा। शरीर, पद, संबंध और भौतिक उपलब्धियों से परे आत्मा की शाश्वत सच्चाई को याद करना ही वास्तविक जागृति है। जब आत्मा अपने स्वरूप को पहचानती है, तो स्वचालित ही जीवन में हल्कापन और सुख की अनुभूति होती है।

## परमात्म-संबंध की गहराई

यह वर्ष विशेष है क्योंकि संगमयुग के अंतिम चरण में परमात्मा शिव हमें अपने निकटतम बनाने की पुकार दे रहे हैं। योगाभ्यास

## संकल्प-शक्ति का प्रयोग

2026 हमें याद दिलाता है कि संकल्प ही हमारी वास्तविक सृजनशक्ति है। सकारात्मक और शुद्ध संकल्प से न केवल हमारा जीवन बदल सकता है बल्कि वातावरण भी रूपांतरित हो सकता है। नये वर्ष में हम ईश्वरीय संतान को, नकारात्मक विचारों को समाप्त कर केवल सात्विक और कल्याणकारी संकल्पों को धारण करने का अभ्यास करना है।

## सेवा व आत्म-उन्नति के लिए

सेवा का आया नया वर्ष केवल आत्म-उन्नति के लिए नहीं, बल्कि विश्व सेवा के लिए भी विशेष है। हमें अपने जीवन को ऐसा बनाना है कि हमारे हर विचार, हर बोल और हर कर्म से दूसरों को प्रेरणा और शान्ति का संदेश मिले। डिजिटल युग में माध्यमों के द्वारा आध्यात्मिकता का प्रसार करना समय की मांग है। परंतु ध्यान भी रखना है कि इस साधन का उपयोग सेवार्थ ही करें, परमात्मा की स्मृति भी उसमें समाई हुई हो।

2026 का नया साल आत्माओं के लिए स्वर्णिम अवसर है। यदि हम आत्म-जागरूकता, परमात्म संबंध और शुद्ध संकल्पों के मार्ग पर चलते हैं, तो न केवल अपनी उन्नति करेंगे बल्कि संसार को भी शान्ति और सुख का संदेश देंगे। यही सच्चा आध्यात्मिक नव वर्ष होगा।

**नया वर्ष हमारे लिए तो खुशियां लायेगा ही किन्तु हमें दूसरों के जीवन में भी खुशियां भर उन्हें परमात्मा का संदेश देकर उनके जीवन में भी रोशनी लाएं, उनका जीवन सहज और सुगम बने, उनके चेहरे पर भी खुशियों की झलक दिखाई दे। आत्मिक भाव का तीव्र अभ्यास कर अपनत्व सा दूसरों के साथ व्यवहार करें।**



नई दिल्ली। ब्रह्माकुमारीज़ के परिवहन एवं यात्रा प्रभाग(टीटीडब्ल्यू) के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के साथ हुई आध्यात्मिक बैठक में उपस्थित रहे परिवहन एवं यात्रा प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. दिव्यप्रभा दीदी, परिवहन एवं यात्रा प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक ब्र.कु. कविता, ब्र.कु. सुरेश,परिवहन एवं यात्रा प्रभाग के मुख्यालय कॉओर्डिनेटर,माउंट आबू, सोमशेखर,माउंट आबू, प्रो. ईवी गिरिश तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें।



चंडीगढ़। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अक्टूबर 2025 में होने वाले ग्लोबल समिट के लिए निमंत्रण देते हुए राजयोगी ब्र.कु. मेहरचंद,सीनियर नेशनल कोऑर्डिनेटर स्पोर्ट्स विंग एवं निदेशक करनाल एवं गढ़वाल सर्कल उत्तराखंड। साथ हैं ब्र.कु. नीलम,श्रीनगर गढ़वाल,उत्तराखंड, ब्र.कु. सरिता,असंध,करनाल तथा अन्य।



जयपुर-राजापार्क(राज.)। राजस्थान के माननीय उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा से मुलाकात करने के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. निर्मला दीदी, ब्र.कु. पूजा एवं ब्र.कु. रोहित।



चुनार-उ.प्र.। सीखड़ गांव में नव चेतना एग्रीकल्चर कम्पनी लिमिटेड के तहत अमृताय डेयरी फार्म के उद्घाटन कार्यक्रम पश्चात् श्रीमती प्रतिभा शुक्ला,राज्यमंत्री- महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार,उत्तरप्रदेश सरकार को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. बीनू, ब्र.कु. तारा एवं ब्र.कु. सुनीता।



भरतपुर-कृष्णा नगर(राज.)। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. बबीता, ब्र.कु. प्रवीणा, ब्र.कु. गीता, ब्र.कु. जुगलकिशोर, विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष विष्णु सैनी, रिटायर्ड कर्नल तेजराम तथा अन्य।



गुमला-झारखंड। सेवाकेन्द्र पर आयोजित सामूहिक योग भट्ठी कार्यक्रम के समापन अवसर पर समूह चित्र में ब्र.कु. शान्ति, ब्र.कु. डॉ. राजेश, ब्र.कु. शिव, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद बंका एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता बंका, जिला उपभोक्ता फोरम न्यायाधीश ओम प्रकाश पांडे, फाइनेंस एडवाइज़र, अशोक साहेवाल, व्यवसायी संजय अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी बबीता अग्रवाल, सौरव अग्रवाल तथा अन्य।



कोटा-कुन्हाड़ी(राज.)। हरित भरत एक्सपो मेले में बिज़नेस एंड इंडस्ट्रीज़ विंग के तहत लगाई एग्ज़ीबिशन का उद्घाटन करने के पश्चात् राजेश कृष्ण बिरला,प्रदेश अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राजस्थान,चेयरमैन कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. उर्मिला दीदी। साथ हैं कोटा व्यापार संघ के महासचिव अशोक महेश्वरी।



दिल्ली-अली विहार। एनॉन ग्लोबल फाउंडेशन एंड आर्क फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण शिक्षिकाओं व बच्चों को अधिक रचनात्मक, प्रभावशाली और आत्मनिर्भर तरीके से पढ़ाने के उद्देश्य से 'पहचानो अपनी शक्ति' विषय पर आयोजित कार्यशाला के पश्चात् एनॉन ग्लोबल फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्षा डॉ. आरती गिरधर को मोमेंटो व सर्टिफिकेट भेंट कर सम्मानित करते हुए ब्र.कु. पूनम तथा अन्य।




पटना-शेखपुरा(बिहार)। फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट बिहटा,पटना में मेडिटेशन कार्यक्रम के पश्चात् ब्र.कु. उर्मिला को मोमेंटो भेंट करते हुए एच.आर. राजीव जी।



सादुलपुर-राज.। मोहता शैक्षणिक संस्थान के स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् उप प्राचार्य इंद्र सिंह राठौड़ को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. शोभा। साथ हैं ब्र.कु. पूनम, ब्र.कु. अनिल, कथा वाचक उपेन्द्र पांडिया, जे.पी. मारवाल, मनीष शर्मा एवं भजन गायिका मीरा प्रजापत तथा अन्य।



मॉस्को-रूस। रक्षाबंधन पर्व पर 'आध्यात्मिक शक्तियाँ ईश्वर की विरासत हैं' विषय पर आयोजित क्षेत्रीय शिक्षक रिट्रीट पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. चक्रधारी दीदी, राजयोगिनी ब्र.कु. सुधा दीदी, ब्र.कु. इन्ना किम, ब्र.कु. इरीना इलिना तथा अन्य बेलारूस, लातविया, एस्टोनिया, कज़ाकिस्तान, मंगोलिया की ब्रह्माकुमारी बहनें।



चाइना-गुआंगझौ। रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा कोंगुआ पर्वत के रिसॉर्ट में आयोजित रिट्रीट 'क्राफ्टिंग योर लाइफ्स मिशन' के पश्चात् समूह चित्र में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी,माउंट आबू, चाइना ब्रह्माकुमारीज़ की निदेशिका ब्र.कु. सपना दीदी तथा अन्य ब्रह्माकुमार भाई-बहनें।